वर्षों से राष्ट्र की सेवा में समर्पित
# वीर अर्जुन



विविध : काजोल की फिल्म मां का पोस्टर जारी

★ नई दिल्ली, लखनऊ एवं देहरादून से प्रकाशित

देश
किसान सम्मान निधि में शामिल नहीं हो सके पात्र लोगों को जोड़ने के लिए सरकार तैयार : शिवराज



जिल्द: 41, अंक : 100 पृष्ठ : 12 E-mail : dailyvirarjun@gmail.com Website : www.virarjun.com E-Paper : www.epapervirarjun.com

R.N.I. No. 511/57 D.L.(C)-05/1278/2024-26 (Posted at Delhi RMS) नई दिल्ली, बुधवार, 12 मार्च, 2025 मूल्य : रु 4.00 प्रभात संस्करण

# साहित्य उत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ.विवेक गौतम ने किया काव्यपाठ



नई दिल्ली, (वीअ)। साहित्य अकादेमी,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक समारोह में 'कावेरी सभागार' में बहुभाषी कविता पाठ में प्रतिष्ठित कवि एवं शिक्षाविद् डॉ.विवेक गौतम ने हिंदी कवि के रूप में अपनी जब दीवारें लिखती हैं, छत, गॉव नहीं दौड़े थे तथा संपन्नता जैसी सशक्त और प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध तेलुगू कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार ए.कृष्ण राव ने की। इस अवसर पर कन्नड़, नेपाली, उड़िया, उर्दू एवं हिंदी के दो अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार ज्योतिष जोशी, विभा बिष्ट, उषा कुमारी,अभय जैन, प्रेम मिश्र अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।